Roll No. ....................

# 9661-A

## B. A. LL.B. (Hons.) 5 Year Course

## 1st Semester (w. e. f. Dec. 2017)

## Examination – December, 2024

### HINDI – I

### (SAMANYA EVAM VIDHIK HINDI - I) (w. e. f. Dec. - 2020)

**Paper : 1704-A**

*Time : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।*

***नोट :*** निर्देशानुसार ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7 × 2 = 14

(क) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी की मूल संवेदना क्या है ?

**अथवा**

'परिंदे' कहानी का उद्‌देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आपकी छोटी लड़की' कहानी के आधार पर दुनिया का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

जाह्नवी का चरित्र-चित्रण कीजिए।



2. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7 × 2 = 14

(क) धीरे-धीरे झुटपुटा छंटने लगा, दिन खुलने लगा। साफ-सुथरी-सी रोशनी चारों ओर फैलने लगी। किसी ने ज़ंजीर खींचकर गाड़ी को खड़ा नहीं किया, छड़ खाकर गिरी उसकी देह मीलों पीछे छूट चुकी थी। सामने गेहूँ के खेतों में फिर से हलकी लहरियाँ उठने लगी थीं।

**अथवा**

राहत का एक गहरा निःश्वास मेरे भीतर से निकल पड़ा। जाने कैसा आवेग मन में उमड़ा कि इच्छा हुई, दौड़कर ममी के गले से लग जाऊँ। लगा, जैसे अरसे के बाद मेरी ममी लौटकर आई हों। पर मैंने कुछ नहीं कहा। बस, अब खुलकर बात करूँगी। चार दिन से न जाने कितने प्रश्न मन में घुमड़ रहे थे। अब क्या, अब तो ममी हैं और उनसे तो कम-से-कम सब कहा-पूछा जा सकता है।

(ख) अपने एकांत में मनोहर एक चतुर व्यक्ति था। वह उधेड़बुन में रहता और उसे इंतजार के लाभ भी ज्ञात थे। उसे भरोसा था, कभी-न-कभी यहाँ से निकलना जरूर होगा, यह दूसरी बात है कि इस निकलने में देर हो रही है। अपनी जानकारियों के मुताबिक वह जी-तोड़ प्रयत्न कर रहा था और दूसरी तरफ कस्बे के हलाहल से भी सावधान था।



https://www.mdupapers.com

**अथवा**

हालांकि उस गली में अकेले वही नहीं रहते थे, सैकड़ों लोग रहते थे, पूछने वाला आदमी कहीं भी-किसी के भी घर जा सकता था लेकिन आवाज कुछ जानी-पहचानी सी लग रही थी। कुतुहल के बावजूद वे उस तरफ देखने की हिम्मत नहीं जुटा सके, चेहरा दूसरी ओर घुमाये रहे। उन्होंने झटपट घर तक पहुँचने वाला वह संकरा रास्ता पकड़ा जो आम नहीं था।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $7 \times 2 = 14$

(क) विवाह हेतु लड़कियों की आयु कम से कम 21 वर्ष किए जाने के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए।

**अथवा**

कृषि उत्पादों के विक्रय हेतु 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' के पक्ष-विपक्ष में अपने विचार दीजिए।

(ख) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण पर पक्ष-विपक्ष में विचार प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

*'मिड डे मील योजना' के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए।*

**4.** किन्हीं ***सात*** विधि शब्दों के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिन्दी में वाक्य बनाइए : $2 \times 7 = 14$

अग्राह्य साक्ष्य, अनुचित प्रभाव, अंतरिम अनुतोष, अपराध करने में अक्षम, अभिलेख न्यायालय, आपराधिक न्यास भंग, आरम्भ से, उत्प्रवास,



एकल संक्रमणीय मत, केवल कार्य किसी को अपराधी नहीं बनाता यदि उसका मन अपराधी न हो, जमानत मंजूर करना, दुर्भावनापूर्ण, न्यायेतर उपचार, निर्णय से असहमत होना।

**5.** निम्नलिखित ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 8 = 24$

(i) 'प्रमोशन' कहानी की मूल समस्या का वर्णन करें।

(ii) 'लाल पान की बेगम' कहानी के आधार पर बिरजू की माँ का चरित्र-चित्रण करें।

(iii) 'त्रिशंकू' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट करें।

(iv) 'परिंदे' कहानी के आधार पर लतिका का चरित्र-चित्रण करें।

(v) 'मृत्युदंड' की प्रासंगिकता पर नोट लिखिए।

(vi) 'कैश-लेस इंडिया' के पक्ष-विपक्ष में तर्क लिखिए।

(vii) 'असलियत' और 'न्यायिक अधिकारिता' शब्दों के अंग्रेजी अर्थ बताकर हिन्दी में वाक्या बनाइए।

(viii) 'अधिपत्र' और 'दत्तक ग्रहण' शब्दों के अंग्रेजी अर्थ बताकर हिन्दी में वाक्य बनाइए।

---



https://www.mdupapers.com